# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२६-२०२७**

**कक्षा:पाँचवीं** **विषय: हिंदी** **पाठ-६ अतिथि सेवा**

प्रस्तुत पाठ से कोई भी १० कठिन शब्द चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

उ०१-अकाल पड़ने पर कुओं ,बावड़ियों और तालाबों का पानी सूख गया। पानी के अभाव में मनुष्य ही नहीं पशु पक्षी भी त्राहि त्राहि कर उठे अन्य की कमी से कठिनाई और अधिक बढ़ गई।

उ०२-किसी भी प्रकार से अकाल पर काबू नहीं पाया जा सका, इसी विवशता में लोग रंतिदेव के राज्य को छोड़कर अन्यत्र जाने लगे रंतिदेव को इस बात का बहुत दुख था।

उ०३-दीन- हीन कृशकाय व्यक्ति को भोजन मिलने पर उसने रंतिदेव को यह आशीर्वाद दिया कि स्वयं विपत्ति में होकर भी दूसरों के कष्ट का अनुभव करने वाले राजा ! आप धन्य हैं ,आप सुखी रहें, समृद्ध बनें।

उ०४-राजा रंतिदेव को अपने कर्मों का यह फल मिला कि वर्षा की झड़ी लग गई ,तेज वर्षा ने नदियों और तालाबों को भर दिया । कुछ ही समय पश्चात खेतों में फसलें लहलहाने लगीं । समृद्धि का द्वार खुल गया।

****पृष्ठ संख्या ६३ (63) पर दिए गए रिक्त स्थान पुस्तक से ही याद करें**।**

**नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर स्वयं वाक्य में प्रयोग कीजिए।**

१-विवशता

२-विपत्ति

३-समक्ष

४-समृद्ध